भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *20

जिसका उत्तर 03 फरवरी, 2023 को दिया जाना है।

14 माघ, 1944 (शक)

कॉमन सर्विस सेंटर

***20. श्री कार्तिकेय शर्मा** :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) सरकार द्वारा संचालित किए जाते हैं;

(ख) क्या सरकार का इस क्षेत्र में नागरिकों को ज्यादा सेवाएं प्रदान करने के लिए अन्य कंपनियों को शामिल करने का प्रस्ताव है;

(ग) यदि हां, तो कंपनियों को किन आधार पर शामिल किया जाएगा; और

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान हरियाणा सहित देश में इन कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) में कितने युवाओं को रोजगार मिला है ?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से **(घ)** : एक विवरण-पत्र सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

कॉमन सर्विस सेंटर के संबंध में दिनांक 03.02.2023 को राज्य सभा में पूछे गए तारांकित प्रश्न सं. *20 के उत्तर में उल्लिखित विवरण-पत्र

******

(क): जी,नहीं । सीएससी का संचालन ग्राम स्तर के उद्यमियों द्वारा स्व-स्थायी आधार पर किया जाता है।

(ख) और (ग): ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

(घ): सीएससी में नियोजित व्यक्तियों के बारे में जानकारी केंद्रीय रूप से नहीं रखी गई है । हालांकि, अपने डिजिटल सेवा प्रौद्योगिकी मंच के माध्यम से केंद्रीय रूप से ऑनबोर्डिंग और सेवाओं के वितरण को सक्षम करने के लिए एक समन्वय एजेंसी के रूप में कार्य करने वाली सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड ने अवगत कराया है कि वर्तमान में हरियाणा में लगभग 50,000 व्यक्तियों सहित लगभग 15 लाख व्यक्ति विभिन्न सीएससी में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से काम कर रहे हैं ।

****